
# लातेहार जिला विकास की ओर अग्रसर है : बैद्यनाथ

संवाददाता। लातेहार

स्थानीय विधायक सह प्रदेश के स्कूली शिक्षा व साक्षरता सह उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि लातेहार विकास की ओर अग्रसर है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में पूरा झारखंड चहुंमुखी विकास कर रहा है. श्री राम स्वतंत्रता दिवस के मौके प जिला स्टेडियम से जिला वासियों को संबोधित कर रहे थे. उन्होने कहा कि आज हम 78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं. यह अवसर है उन अमर शहीदो को स्मरण करने का जिन्होने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्य कुर्बान कर दिया है. इन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के कुर्बानियों को पूरा देश कभी नहीं भूला सकता है. हमें उनके संकल्पों व आकाक्षाओं को पूरा करना है उन्होने आगे कहा कि लातेहार जिला राज्य व देश मे पर्यटन स्थलों की खुबसूरती, हरी भरी वादियां एवं संगीतमयी झरणों के लिए विख्यात है. इस जिले की मौलिक समस्याओं के समाधान के लिए जिले के तमाम पदाधिकारियों के अलावा नागरिकों व जन प्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है. मौके पर मंत्री श्री राम ने जिला प्रशासन की उपलिब्धयों को गिनाया. इससे पहले मंत्री श्री राम ने परेड का निरीक्षण किया.साथ मे उपायुक्त गरिमा सिंह व पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन भी शामिल थे. इसके बाद मंत्री श्री राम ने 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन किया. परेड में कुल नौ टुकडियों ने भाग लिया. इनमें जिला पुलिस बल को प्रथम, एनसीसी बालिका को द्वितीय व सीआरपीएफ को तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया. मुख्य परेड कमांडर के रूप मे सार्जेट मेंजर राजकुमार लकड़ा थे. स्वतंत्रता दिवस समारोह में विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ठ योगदान करने के लिए विभागीय अधिकारी व कर्मियों को सम्मानित किया गया. मंच का संचालन वरीय पत्रकार आशीष टैगोर ने किया. समारोह में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह, अपर समार्हता रामा रविदास, एसडीओ अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार के अलावा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदव, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार आदि मौजूद थे.


लातेहार में परेड की सलामी लेते शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम, उपायुक्त व एसपी.

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागियों ने बिखेरा जलवा



लातेहार। स्वतंत्रता दिवस की संध्या छह बजे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन मे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उदघाटन उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, जिप सदस्य विनोद राम, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, कांग्रेस नेता पंकज तिवारी व आफताब आलम समेंत अन्य कई अधिकारियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया. कार्यक्रम का शुभारंभ लातेहार डांस एकेडमी की नाब्या राजपूत ने एक देशभक्ति नृत्य से किया. एकल नृत्य मे केंद्रीय विद्यालयीय ऋषिका रंजन ने महाभारत के एक प्रसंग को प्रस्तुत कर प्रथम पुरस्कार जीता. जबकि उत्क्रमित उच्च विद्यालय जलता के राज लोहरा ने दूसरा और नाब्या राजपूत ने तीसरा पुरस्कार जीता.

## ब्रीफ खबरें

### कार्यालय में आयुक्त ने किया ध्वजारोहण

मेदिनीनगर। पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने अपने आवासीय/गोपनीय कार्यालय व प्रमंडलीय कार्यालय में ध्वजारोहण किया. मौके पर पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) श्री वाई.एस. रमेश, पलामू उपायुक्त शशि रंजन, एसपीस रिष्मा रमेसन, मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन, डीडीसी शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, उप निदेशक जनसंपर्क संजीव कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी राजेश गुप्ता, राजीव रंजन तिवारी समेत आयुक्त, आईजी एवं डीआईजी कार्यालय के सभी पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे.

### पलामू कोर्ट में पीडीजे ने किया ध्वजारोहण

मेदिनीनगर। पलामू जिला व्यवहार न्यायालय में 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया. मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी. मौके पर कुटुंब न्यायालय के पीडीजे मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, डीजे बिनोद कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार, अखिलेश कुमार, राज कुमार मिश्रा, स्वेता ढिंगरा,आयशा खान, शंकर महाराज, सिविल जज सीनियर डिवीजन संजय सिंह यादव, सीजेएम आनंद सिंह, एसीजेएम संदीप निशित बारा, निशिकांत, शिखा अग्रवाल, परमानंद उपाध्याय, डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव, एसडीजेएम कमल प्रकाश आदि शामिल थे.

ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

संवाददाता। मेदिनीनगर

स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया. मौके पर विद्यालय के निदेशक सह पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्राचार्य, शिक्षक समेत सभी विद्यालय परिवार के सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी. विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी. उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि हमें भी एक सच्चे देशभक्त बनकर सदैव देश की सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए. मातृभूमि की सेवा ही सच्ची सेवा है. हमें भी अपने कर्त्तव्य पथ पर निरंतर प्रगतिशील रहना चाहिए और अपने कर्त्तव्यों का पालन सहृदय करना चाहिए. विद्यालय के द्वादश तक के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट कर झंडे को सलामी दी. ध्वजारोहण के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कक्षा प्रथम से तृतीय की छात्राओं ने आओ बच्चें तुम्हे दिखाएं... पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया. द्वादश की छात्राओं ने 'संदेशे आते हैं' सामूहिक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया. द्वादश की छात्रा सृष्टि सुमेर ने हिन्दीं, नवम् की छात्रा अंशिका पाठक ने अंग्रेजी व नवम् की छात्रा श्रेया कुमारी ने संस्कृत में भाषण प्रस्तुत किया. कक्षा पंचम से नवम् तक की छात्र-छात्राओं ने पन्ना धाय की शौर्य गाथा पर एवं सीमा रेखा पर शहीदों की कुर्बानी से संबंधित नाटक प्रस्तुत किया.


कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे.

### कैदियों को अधिकार और कर्तव्य की जानकारी दी गई

मेदिनीनगर। स्वतंत्रता दिवस पर गुरुवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में जेल अदालत व विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कैदियों को संवैधानिक अधिकारों व कर्तव्य की जानकारी दी. उन्होंने कैदियों को बंदी के रूप में प्राप्त अधिकारों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार से प्रदत लाभ के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि कारा में निरुद्ध व्यक्ति बंदी आवेदन भेज कर मुफ्त वकील प्राप्त कर सकता है.

### पलामू एसपी पहुंचीं नक्सल प्रभावित क्षेत्र मनातू

मेदिनीनगर। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मनातू में स्थानीय खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पलामू पुलिस द्वारा फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया. मैच भीतडीहा व गावी टीम के बीच खेला गया. इस मैच को भीतडीहा की टीम ने गावी को 2-0 से हराकर जीत लिया. विजेता व उपविजेता टीम को मैच के मुख्य अतिथि पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया.















































## जिले में स्थापित महापुरुषों के चित्र पर अधिकारियों ने माल्यार्पण कर किया नमन

# डीसी, एसपी समेत सभी विभागीय अधिकारियों ने किया ध्वजारोहण

संवाददाता। लोहरदगा

जिले भर में स्वतंत्रता दिवस समारोह काफी धूम-धाम से मनाया गया. यहां पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां एवं जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की के द्वारा तय समय पर अपने कार्यालय के समीप राष्ट्रीय ध्वज को झंडोत्तोलन कर सलामी दी गई.



ध्वजारोहण करते लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां.

तत्पश्चात डीसी, एसपी व तमाम अधिकारियों के द्वारा जिले में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा, महात्मा गांधी, डॉ भीमराव अंबेडकर, वीर बुधू भगत, सुभाष चन्द्र बोस, शहीद एसपी अजय कुमार सिंह समेत सभी महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए जिले के सर्वांगीण विकास हेतु संकल्प लिया गया. इसी तरह जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं में ध्वजारोहण कर लोहरदगा जिला को शत-प्रतिशत विकसित जिला बनाए जाने का संकल्प लिया गया. साथ ही सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के समीप जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक ने ध्वजारोहण कर तिरंगा झंडा को सलामी दी. मौके पर बड़ी संख्या में सभी विभागीय अधिकारी और कर्मी मौजूद थे.

## झंडा फहराया, उतारा और स्कूल बंद कर चल दिये

संवाददाता। बरवाडीह(लातेहार)



एक ओर जहां पूरा देश 78 वा स्वतंत्रा दिवस मना रहा था और शान से तिरंगा फहरा रहा था. तो दूसरी ओर प्रखंड क प्राथमिक विद्यालय छेंचा में तिरंगा का अपमान करने का मामला प्रकाश में आया है .छेंचा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय, पठान टोला के प्रभारी शिक्षक विष्णु देव मांझी ने तिरंगे की अस्मिता और नियम कायदे की धज्जियां उड़ा दी, उन्होंने विद्यालय में झंडा फहराने के तुरंत बाद तिरंगे को उतारकर विद्यालय भवन में रख कर निकल गये. ऐसे में स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई. इस अप्रिय घटना की शिकायत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेन्द्र प्रसाद सिंह को दी गई.

उन्होंने तत्काल प्रभारी शिक्षक से दूरभाष पर बात की और कार्रवाई की बात कही. इस बीच अंचलाधिकारी मनोज कुमार सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे और झंडा नहीं मिलने पर नाराजगी जताई. उन्होंने बीईईओ को कार्रवाई करने का निर्देश दिया. शुक्रवार को बीईईओ ने बताया कि मामले में प्रभारी शिक्षक विष्णु देव मांझी को शो-कॉज किया गया है.

## इंद्रजीत कुमार ने किया ध्वजारोहण

**कुड़ू/लोहरदगा।** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन और अविराम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंसी टीको में सचिव इंद्रजीत कुमार के द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह पर ध्वजारोहण किया गया. इस बीच उन्हें मार्च पास्ट के द्वारा झंडोत्तोलन हेतु ले जाया गया और पूरे जोश के साथ झंडोत्तोलन किया गया. इधर कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक राष्ट्र गान प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया. यहां पर भारत माता और देश की महान विभूतियों के नारों से संपूर्ण वातावरण अनुगूंजित हो उठा. देशभक्ति कार्यक्रमों से पूर्व सभागार में दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन किया गया. वहीं कुड़ू थाना प्रभारी द्वारा थाना में स्वतंत्रता दिवस समारोह के 78वां वर्षगांठ पर तिरंगा फहराया गया. सचिव इंद्रजीत कुमार ने कहा की परिपक्व लोकतंत्र में बलात्कार, घूस,भ्रष्टाचार, मुफ्तखोरी, सांप्रदायिकता, नशा आदि अनेकों समस्याएं हमारे सामने खड़ी हैं हम सभी को अपने पड़ोसी देश के हालात से सबक लेकर साझा प्रयास करना होगा, देश के प्रति प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है .

## कस्तूरबा विद्यालय के बच्चों की समस्या से डीसी को कराया अवगत

संवाददाता। पाटन (पलामू )

कस्तूरबा विद्यालय के बच्चों की समस्या को लेकर पलामू उपायुक्त और जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिले जिला परिषद सदस्य संग्राम सिं.पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह शुक्रवार को पाटन के दुल्ही गांव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बच्चों की समस्या को लेकर पलामू उपायुक्त से मुलाकात किया.

उपायुक्त से मुलाकात कर उन्हें बताया की दुलही कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन सुषमा कुमारी बच्चो के निवाला पर अपना हाथ साफ कर रही है. करीब एक वर्षो से बच्चो को सही ढंग से खाना नही मिल रहा है.केवल आलू और सोयाबीन का सब्जी खिलाया जा रहा है. बच्चों को मिलने वाला खाद्य सामग्री वार्डन अपने घर ले जाती है.जिसके कारण बच्चों को सही ढंग से खाना नही मिल पा रहा है.वही भोजन करते समय जब बच्चियों को दाल घट जाता है तो वार्डन के द्वारा रसोईया को बोला जाता है की दाल में पानी मिला कर बच्चो को खिला दो.वही कुछ दिन पहले वार्डन के द्वारा स्कूल का बेड भी वाहन पर लोड कर कही भेज दिया गया है.स्कूल में पढ़ने वाले बच्चियों से झाड़ू पोछा लगवाया जाता है और बाथरूम साफ कराया जाता है.

उन्होंने बताया की वार्डन सुषमा कुमारी के द्वारा कस्तूरबा के सभी स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है. इनके मनमानी रवैया को रोकने वाला कोई नहीं है.जिला परिषद के बातो को सुनकर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा की इस बात की जांच कर वार्डन के उपर कार्यवाई की जाएगी.वही कस्तूरबा में गार्ड की नौकरी और रसोइया में काम करने वाली महिला मीना देव,कविता कुंवर और विनय कुमार महतो भी पलामू उपायुक्त से मिलने पहुंचे थे. उनका कहना था कि कस्तूरबा गांधी विद्यालय की वार्डन बिना किसी के आदेश के हालोगो को ड्यूटी से हटा कर अपने खास लोगो को ड्यूटी पर रखे हैं.वही कस्तूरबा गांधी में पढ़ने वाली छात्रा नेहा कुमारी ने बताया कि हम सभी बच्चो से बाथरूम और ईट दुलवाया जाता है.इसके बाद जिला परिषद सदस्य इन समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉक्टर दुर्गानंद झा से मुलाकात किया. दुर्गानंद झा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कस्तूरबा प्रभारी रूपाली कुमारी को इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया.

## बरवाडीह में शान से लहराया गया तिरंगा

**बरवाडीह (लातेहार)।** स्वतंत्रता दिवस को सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में धूमधाम व शान के साथ तिंरगा झंडा फहरा गया.प्रखंड परिसर में झंडातोलन के पूर्व स्वतंत्रता सेनानी रहे प्रेम शंकर मिश्रा के स्मारक पर विधायक रामचंद्र सिंह, जिप संतोषी शेखर, बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, सीओ मनोज कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी समेत अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी. प्रमुख सुशीला देवी, एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ वैंकटेश कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय में एसडीपीओ वेंकटेश कुमार ने झंडोतोलन किया गया.

## धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

# किस्को थाना प्रभारी ने थाना परिसर में किया ध्वजारोहण

संवाददाता। किस्को/लोहरदगा

जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में 78वां स्वतंत्रता दिवस वर्षगांठ बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया. यहां पर किस्को थाना में थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ओड़ेया, पंचायत सचिवालय परहेपाट में मुखिया जतरू उरांव, पंचायत सचिवालय हिसरी में मुखिया रवि उरांव, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड कार्यालय परिसर में अध्यक्ष युनूस अंसारी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष साकिर हुसैन अंसारी के अलावा सभी क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित कर तिरंगा झंडा को सलामी दी गई एवं राष्ट्र प्रेम के प्रति संकल्प लिया गया. यहां पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जहां पर देशभक्ति पर आधारित गीत संगीत और नृत्य नाटक कर अतिथियों का मन मोह लिया गया. मौके पर थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अपराध और उग्रवाद पर अंकुश लगाए जाने में सभी की सहभागिता जरूरी है. उन्होंने कहा अपराध और उग्रवाद विकास के सबसे बड़े बाधक होते हैं इनका सफाया से विकास कार्यों को गति प्रदान किया जा सकता है.

## झापीपु कार्यालय में अनिल भगत ने किया ध्वजारोहण

**लोहरदगा।** झारखंड पीपुल्स पार्टी जेपीपी के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत के छोटे भाई अनिल टाना भगत ने 78 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को किस्को मोड़ लोहरदगा स्थित कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दीं. इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता लाल नवल किशोर नाथ साहदेव, रामचंद्र गिरि, संजू सिंह, सुनीता उरांव, राम नारायण प्रसाद, मनोज उरांव, मुरारी जी, संगीता कुमारी, जाहिद अंसारी, एजाजुल अंसारी, मुकेश साहु, जेना भगत, प्रकाश टोप्पो, सुकरू उरांव, अनिस अंसारी, मुनवा उरांव, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, बाबूलाल साहदेव आकाश उरांव आदि शामिल थे.

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
अनिल कुमार मुंडा
झारखंडी लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (JLKM) प्रखंड केरेडारी संगठन मंत्री

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चंद्रनाथ ट्रेडर्स
नयाखाप

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुरेश साव
विधायक प्रतिनिधि, केरेडारी

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
खिरोधर साव
पूर्व उपमुखिया पंचडा कांग्रेस प्रखंड उपध्यक्ष

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुश्री अंबा प्रसाद, विधायक बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र
निवेदक
रविंद्र गुप्ता
निवेदक प्रखंड केरेडारी अध्यक्ष

SUSHEE CHANDRAGUPT COAL MINE PVT. LTD.
AMRAPALI CHANDRAGUPT AREA
Happy INDEPENDENCE DAY
15 AUGUST,2024

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
जागेश्वर साव
इंटक प्रखंड अध्यक्ष केरेडारी

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
भुवनेश्वर राम
राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरदाग प्रधानाध्यापक

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
तापेश्वर दास
उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय चट्टीबारीयातु, केरेडारी प्रधानाध्यापक

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अमित कुमार गुप्ता
भाजपा नेता, केरेडारी

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
अनुज कुमार
प्राचार्य, डीएबी पब्लिक स्कूल पागर (केरेडारी)

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अनीता सिंह दक्षिणी जिला परिषद
पति प्रीतम सिंह
समाजसेवी

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
राजेश कुमार साव
भावी विधायक प्रत्याशी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र JBKSS/ झारखंडी लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
बबलू मुंडा
भावी विधायक प्रत्याशी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र JBKSS/ झारखंडी लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (JLKM)

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
India 15th August INDEPENDENCE DAY
RITHWIK PROJECTS PRIVATE LIMITED
(An ISO 9001:2008 Company)
चट्टीबारियातु कोल परियोजना
केरेडारी हजारीबाग

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अर्जुन राम
बीस सूत्री अध्यक्ष, केरेडारी

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक
संतोष कुमार महतो
JLKM(झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा) केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बबलू सिंह
पैक्स अध्यक्ष कराली

समस्त झारखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कर्मचारी साव
केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष

न्यूज अपडेट

## पैसा डबल करने का झांसा देने वाले पांच गिरफ्तार

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पैसा डबल करने का झांसा देकर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है. पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू बिरेंद्र राम के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा बरकाकाना ओपी क्षेत्र में वाहन चेंकिग अभियान चलाया गया. इस दौरान थाना चौक पर तैनात पुलिस बल ने एक सफेद रंग के वाहन को भागने के क्रम में पकड़ा. वाहन सवार व्यक्तियों की पहचान धनाश्री सांतेश्वर, हैदर अली, लक्ष्मीकांत, अभिराम कुमार सिंह, राजकुमार पांडेय के रूप में हुई. इनके पास से नकद 3,86,000 रुपये, फर्जी एग्रीमेंट पेपर-2, 9 पीस स्क्रीनटच मोबाइल फोन बरामद किए गए. पकड़े गए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पतरातू (बरकाकाना) थाने प्राथमिकी दर्ज की गई. गिरफ्तार पांचों अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया.

## कोयला लदा ट्रक पकड़ा, तीन तस्कर भी गिरफ्तार

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार बुधवार देर रात विधि व्यवस्था का जायजा लेने सड़क पर निकले. इस दौरान उन्होंने विधि व्यवस्था में लगे पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को कई दिशा निर्देश दिये. इसी बीच एसपी को सूचना मिली कि अवैध कोयला लदा ट्रक तस्करों द्वारा एस्कॉर्ट कर ले जाया जा रहा है. इसके बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस ने ट्रक सहित कोयला तस्कर को पकड़ लिया. ट्रक चालक ने एक युवक से बात कराई, जो एक लग्जरी गाड़ी से कोयला लदे ट्रक को एस्कॉर्ट कर रहा था. पुलिस ने मैनेज करने की बात कहकर उस युवक को मौके पर बुलाया और उसे भी हिरासत में ले लिया. पुलिस गिरफ्तार तीनों लोगों से पूछताछ कर रही है. पुलिस जांच में पता चला कि रामगढ़ से सटे बरलंगा स्वर्णरेखा नदी के पास सिल्ली थाना क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री के पास से कोयला लोड किया गया था और उसे स्कॉर्ट कर बनारस की मंडी में भेजा जा रहा था. पूछताछ में कई अन्य मामले का भी खुलासा हो सकता है.

## हादसे में मासूम की मौत, ग्रामीणों ने की सड़क जाम

**विष्णुगढ़।** थाना अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया नवादा शाखा के पास ऑटो की चपेट में आने से स्कूली छात्र अली रजा (6) पिता इंतखाब अहमद की जान चली गई. रजा नवादा आजाद नगर के भोंडामुर्गी का रहने वाला था. घटना गुरुवार दोपहर की है. गुस्साए ग्रामीणों ने विरोध में शव को सड़क पर रखकर विष्णुगढ़ - गोमिया मार्ग को तीन घंटे तक जाम रखा. ग्रामीण फरार ऑटो चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग कर रहे थे. मौके पर पहुंचे बीडीओ अखिलेश कुमार तथा प्रभारी थाना प्रभारी सागेन मुर्मू ने समझा बुझाकर यातायात बहाल कराया. परिवार जनों को सरकारी प्रावधानों के अनुसार मदद दिलाने का भरोसा दिया गया है. इस हादसे में एक बच्ची भी घायल हुई है. जिसका इलाज चल रहा है.

### डॉक्टरों ने मृतक मरीज के परिजनों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

# सदर अस्पताल में धरने पर बैठे डॉक्टर, तड़पते रहे मरीज

- कार्य बहिष्कार, गंभीर मरीजों को भी दूसरे अस्पताल भी जाने नहीं दिया गया

**संवाददाता। हजारीबाग**

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टर के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है. घटना के विरोध में चिकित्सकों ने कार्य बहिष्कार कर दिया है. इसके कारण शुक्रवार को अस्पताल में दोपहर 12:00 बजे के बाद से किसी भी मरीज का इलाज नहीं हो पाया. जानकारी के अनुसार अस्पताल में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई थी. इसके बाद मरीज के परिजन और डॉक्टर के बीच कहासुनी होने लगी. डॉक्टरों का आरोप है कि मरीज की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टर के साथ मारपीट की. बाद में पुलिस मरीज के एक परिजन को थाना ले गई. इसके बाद भी आक्रोशित डॉक्टर जिला प्रशासन से अपनी सुरक्षा मांग करते हुए हड़ताल पर चले गए. यहां तक कि डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर के गेट को भी जाम कर दिया.

इसके कारण कई मरीज सड़क से ट्रामा सेंटर के अंदर तक तड़पते रहे, लेकिन डॉक्टर इलाज करने नहीं पहुंचे. यहां तक कि गंभीर मरीजों को दूसरे अस्पताल में ले जाने के लिए भी गेट नहीं खोला गया. एक मरीज ने जहर खाया था, जिसको तत्काल इलाज की जरूरत थी. लेकिन डॉक्टर ने मानवता को ताक पर रख कर जिला प्रशासन मुर्दाबाद के नारा लगाते रहे और मारपीट की घटना के विरोध में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के समक्ष धरने पर बैठ गए. चिकित्सकों का कहना है कि कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ जघन्य अपराध हुआ है. इसके बाद भी हजारीबाग प्रशासन नहीं जाग रहा है. पिछले दो दिनों से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग को लेकर भी धरना दिया जा रहा था. धरने के दौरान ही यह घटना हुई है.


आक्रोशित डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर के गेट को भी जाम कर दिया.

**मरीज के इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप**

जानकारी के अनुसार, टाटीझरिया झारपो निवासी गणेश राम को गुरुवार को हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इलाज के दौरान शुक्रवार को लगभग 12:00 बजे उनकी मौत हो गई. वहीं परिजनों का आरोप है कि इलाज में लापरवाही के कारण उनके मरीज की मौत हुई है. परिजनों ने भी डॉक्टरों पर मारपीट का आरोप लगाया है. परिजनों ने यह भी बताया कि हम मृतक के परिजन केवल डॉक्टर से पूछने के लिए गए थे. इसी बीच दो-तीन डॉक्टर हम लोगों पर बरस गए और मारपीट करने लगे और हंगामा करने लगे. इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और उल्टा हम लोगों को ही आरोपी बना दिया. कई लोगों ने यह भी बताया कि अस्पताल में डॉक्टर इलाज कम नेतागीरी ज्यादा कर रहे हैं. डॉक्टर यूनियन बनाकर मरीजों के साथ आए दिन मारपीट गाली गलौज करते हैं.

**जान से मारने की कोशिश करने का भी आरोप :** डॉक्टरों का आरोप है कि इलाज के दौरान चिकित्सक के साथ मारपीट की गई थी. डॉक्टरों का आरोप है कि मरीज के परिजनों ने जान से मारने की भी कोशिश की है. चिकित्सक सोमां उरांव का आरोप है कि मरीज की मौत पहले ही हो चुकी थी. जब परिजनों को इसकी जानकारी दी गई तो उन्होंने उनके साथ मारपीट की. डॉक्टरों ने कहा कि यदि चिकित्सकों को सुरक्षा नहीं दी गई तो कोलकाता जैसी घटना हजारीबाग में भी घट सकती है. मेडिकल कॉलेज मुख्यालय से काफी दूर है और यह सड़क हमेशा सुनसान रहती है. दूसरी ओर अस्पताल में भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं है. डॉक्टरों ने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है.





















































